हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026



11 भाईचारा बढ़ाने और नशे से दूरी बनाने की शपथ ली



12 3 महीने से वेतन न मिलने पर एचकेआर कर्मचारियों ...












## खबर संक्षेप

### सहज गिरि महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारा आज

**चरखी दादरी।** सनातन धर्म, श्रद्धा और सेवा भावना का अनुपम संगम 2 जनवरी 2026 (पौष मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी) को देखने को मिलेगा जब श्रीश्री 1008 परमहंस बाबा सहज गिरि महाराज की पुण्यतिथि राम कटोरा धाम ढाणी गुजरान, चरखी दादरी में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत गुरुदेव अलोप गिरि ने बताया कि इस पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 8:15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे से भंडारे का शुभारंभ होगा जिसमें गंगाजल एवं शुद्ध गाय के देसी घी से तैयार सात्विक प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। श्रीमहंत ने कहा कि गंगाजल में तैयार प्रसाद सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है जिससे मन, विचार और आत्मा की शुद्धि होती है।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई हल्की बूंदाबांदी पारा लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गुरुवार रात को हल्की बूंदाबांदी ने पारे का गुरुर तोड़ दिया। गुरुवार को अधिकत्तम पारा 22 डिग्री सेल्सियस से लुढ़ककर 18 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों की जाड़े की वजह से कंपकंपी छूटने लगी। वहीं वीरवार को दिनभर धुंध छायी रही। हालांकि बूंदाबांदी की वजह से लोग देर तक घरों में ही रहे, लेकिन जरूरी कार्य से निकले लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।

दूसरी तरफ हलकी बूंदाबांदी से रबी फसलों में अच्छा खासा फायदा होगा। क्योकि इस वक्त इन फसलों में सिंचाई की जरूरत थी। आज हलकी बारिश से भी पूरी हो गई है।

# ठंड के मारे लोगों की कंपकंपी छूटने लगी, दिनभर छाई रही धुंध







### किसानों के चेहरे खिले

रात को तो लोग नए साल का जश्न मनाकर सो गए। सुबह उठे तो हल्की बूंदाबांदी हो रही थी। धीमी गति से हवा चलने की वजह से पारा जमाव बिंदू की तरफ गिरने लगा। न्यूनतम ही नहीं अधिकत्तम भी 22 डिग्री सेल्सियस से लुढ़कर 18 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से कड़ाके की ठंड बढ गई। ठंड के मारे लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए या फिर देर तक अपने घरों में ही छीपे रहे । शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पाए। जिस वजह से ठंड और बढ़ने लगी।

### रवि की फसलों में होगा फायदा

इस मौसम में हल्की बारिश से भी फसलों में फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त रबी की फसलों में फुटाव बन रहा है। फसलों को सिंचाई की जरूरत थी। हल्की बूंदाबांदी ने उस कमी को पूरा कर दिया। अब सरसों व गेहूं की फसल में जो फुटाव बना हुआ है। उससे फसलों की औसतन पैदावार बढेगी और किसानों को फायदा होगा। इनके अलावा इस हलकी बूंदाबांदी से चना, जौ व अन्य रबी की फसलों में फायदा होगा। इनके अलावा सब्जियों की फसलों में भी फुटाव होगा।

### बिजाई प्रभावित होगी

दूसरी तरफ जिन इलाकों में अभी थोड़ा बहुत बारिश का पानी जमा है। उन इलाकों में बारिश का फायदें की बजाए नुकसान है। क्योंकि जलभराव की वजह से अभी उन खेतों में फसलों की बिजाई नहीं हुई है और हल्की बूंदाबांदी से भी बिजाई दो से तीन दिनों के लिए प्रभावित हो जाएगी। यहां यह बताते चले कि बवानीखेड़ा हलके के गांव लोहारी जाटू, बलियाली व कई अन्य गांवों के खेतों में अभी भी जलभराव है। यहां कुछ किसान अभी पछेती फसलों की बुआई कर रहे हैं ।

## कर्मचारी आठ को करेंगे जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सहकारी बैंक कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ बिगुल
- सिक्योर इम्प्लॉई पोर्टल को लेकर विवाद गहराया

हरियाणा सरकार द्वारा अनुबंधित कर्मचारियों के लिए हाल ही में लांच किए सिक्योर इम्प्लॉई पोर्टल को लेकर विवाद गहरा गया है। वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का निर्णय लिया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरुण जोशी ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ ने किया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रदेश महामंत्री हवासिंह मैहला और प्रदेश मंत्री हवासिंह तंवर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक के दौरान मुख्य चर्चा का विषय 25 दिसंबर को सरकार द्वारा लांच किया पोर्टल रहा, जिसका उद्देश्य अनुबंधित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करना है। कर्मचारियों का आरोप है कि पोर्टल में केंद्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया। वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप अटेला ने कहा कि सरकार ने 25 दिसंबर को पोर्टल लांच कर अनुबंधित कर्मचारियों को सुरक्षा देने का वादा किया, लेकिन केंद्रीय सहकारी बैंक के हजारों कर्मचारियों को इससे बाहर रखकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। वे सौतेले व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कर्मचारियों में गहरा रोष है और अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

## अनूठी पहल: नववर्ष पर काजू-बादाम और किसमिस की खीर का प्रसाद बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने स्थित रेहड़ी संचालकों, आसपास के दुकानदारों एवं समाजसेवियों ने नववर्ष 2026 के आगमन पर नई मुहिम चलाई। इस दौरान काजू-बादाम और किसमिस की खीर का प्रसाद बनाकर राहगीरों को बांटा गया ।

राहगीरों द्वारा इस प्रसाद की जमकर सराहना की। रेहड़ी चालकों, आसपास के दुकानदारों एवं समाजसेवियों ने बताया कि इस नाश्वान शरीर का कुछ पता नहीं है और दुनिया से कुछ लेकर नहीं जाना।, आज मनुष्य का पल भर का पता नहीं है। इसलिए ऐसे कार्य किए जाएं। इसकी योजना बनाई जिसमें सभी ने सहयोग किया और ये पहल आगे भी स्थापित रहेगी। बतां दें की पहले से कुछ दुकानदारों द्वारा समय समय पर गोलगप्पे, छोले-भटूरे की मुफ्त सेवा भी करवाई जाती है। इस प्रसाद का भी लोग लाभ लेते हैं। शहरवासियों ने रेहड़ी चालकों, आसपास के दुकानदारों एवं समाजसेवियों की तारीफ की।

## बामला स्कूल में स्वयंसेवकों ने सीखे प्राथमिक उपचार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बामला स्थित वीर शहीद नायक शीशपाल सिंह राजकीय वमावि में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन वीरवार को स्वयंसेवकों को जीवन रक्षक कौशल और सामाजिक जागरूकता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम प्राचार्या सत्येन्द्र कुमारी के निर्देशन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र कुमार श्योराण के नेतृत्व में हुआ। शिविर के मुख्य सत्र में रेडक्रॉस भिवानी से आमंत्रित प्रवक्ता अजय कुमार श्योराण और जयभारती ने शिरकत की।

अजय ने प्रयोगात्मक तरीके से बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले किसी घायल व्यक्ति की जान कैसे बचाई जा सकती है। उन्होंने सडक़ दुर्घटना में घायल होने पर दी जाने वाली सहायता, सांप के काटने पर तुरंत किए जाने वाले उपाय, विद्युत करंट लगने पर बचाव, आग में झुलस जाने या पानी में डूबने की स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकें बताई।



**भिवानी।** शिविर में प्राथमिक उपचार के गुर सीखते स्वयंसेवक।

### पोषण का महत्व बताया

सत्र के दूसरे भाग में छात्रों की रचनात्मकता और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से दो विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व को रेखांकित किया गया। विद्यालय के एनसीसी इंस्ट्रक्टर संजय ताल ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं दयानन्द सैनी ने छात्रों को स्वावलंबन का दर्शन अपनाने पर बल दिया।










## लोगों ने अपने-अपने तरीके से मनाया नववर्ष, किसी ने बुराई छोड़ने का संकल्प लिया तो किसी ने नया लक्ष्य निर्धारित किया

# भाईचारा बढ़ाने और नशे से दूरी बनाने की शपथ ली

### नववर्ष पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिलेभर में लोगों ने अपने-अपने तरीके से नया वर्ष मनाया। किसी ने बुराई छोड़ने का संकल्प लिया तो किसी ने नया लक्ष्य निर्धारित किया। कहीं प्रसाद बांटा तो कहीं पार्टी का आयोजन हुआ। सामाजिक संस्थाओं ने लोगों के लिए तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किए।

सिद्धपीठ श्रीलाल महादेव अखाड़ा वाला मंदिर के प्रांगण में नववर्ष पर वीरवार को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मंदिर परिसर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा और क्षेत्रवासियों ने भारी उत्साह के साथ शिरकत की, जहां धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं समाज को जागरूक करने के लिए कई महत्वपूर्ण संकल्प भी लिए। इस मौके पर नगर परिषद वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप तंवर व पार्षद अंकित मोनू पहुंचे, जिन्होंने उपस्थितजन को सामूहिक रूप से जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने गिरते भू-जल स्तर और प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। साथ ही समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रहार करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने और आपसी एकता व भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

मास्टर जयप्रकाश ने कहा कि आज के दौर में धार्मिक आयोजनों की सार्थकता तभी है, जब हम अपनी आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें। श्रीलाल महादेव मंदिर का प्रांगण हमेशा से ही सेवा एवं सद्भाव का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने नववर्ष पर संकल्प लिया कि वे भिवानी को नशामुक्त बनाएंगे। धार्मिक उल्लास के इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया ।



भिवानी। सिद्धपीठ श्रीलाल महादेव अखाड़ा वाला मंदिर के प्रांगण में उपस्थितजन को संबोधित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वाईस चेयरमैन संदीप तंवर, पार्षद अंकित मोनू, विजेंद्र मास्टर, जयप्रकाश मास्टर, गोवर्धन आचार्य, सुरेश डिब्बेवाला, जय सिंह, संजय शास्त्री, नरेश मास्टर, आदेश नंदन गुप्ता, दर्शन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## घर-घर जाकर ग्रामीणों से हवन में आहुति डलवाई

**चरखी दादरी।** नव वर्ष के पावन अवसर पर गाँव ढाणी फौगाट में बाबा जोतनाथ के पावन सान्निध्य में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच एक विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव में एक अनोखी पहल के तहत मोबाइल हवन की व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से "हवन आपके द्वार, नव वर्ष पर सबका बढ़े प्यार" कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। ढाणी फौगाट की लगभग सभी गलियों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से हवन में आहुति डलवाई गई। नव वर्ष के शुभ आगमन पर आयोजित इस हवन यज्ञ का उद्देश्य गाँव में उन्नति, प्रगति, सुख-शांति, समृद्धि एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना रहा। हवन यज्ञ में पूर्व सरपंच कला सिंह नंबरदार, बन्नी सिंह, सतबीर पंच, बलराज फौगाट, सरपंच प्रतिनिधि सोनु सहित गाँव के पंचों, प्रवीन, सन्दीप, कटार, मांगेराम, कुकल, गजे सिंह नंबरदार, मेजर नरेश शर्मा, विनिश, नरेश पहलवान, पवन, जगवीर, सतबीर, जोगेन्द्र, हरज्ञान नंबरदार व अनेक प्रबुद्ध गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ बाबा जोतनाथ का स्मरण करते हुए आहुति अर्पित की।



चरखी दादरी। हवन में आहुति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्मा कॉलोनी में दूध जलेबी का प्रसाद बांटा

■ वर्ष 2026 में भी लाइनपार क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर : पार्षद शिवकुमार

**भिवानी।** रेल अंडरपास महापंचायत ने वीरवार को दिनोद रोड 27 फुटा चौक के नजदीक ब्रह्मा कॉलोनी में नववर्ष-2026 का स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 80 वर्षीय बुजुर्ग राव श्योचंद बीरण ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों को दूध और जलेबी का प्रसाद वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महापंचायत के महासचिव सुखबीर सिंह चौहान एवं उपप्रधान रमेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को महापंचायत प्रधान पार्षद शिवकुमार गोठवाल पार्षद, राव श्योचंद बीरण, आरडब्ल्यूए प्रधान सुरेंद्रसिंह राणा, रोहतास वर्मा, रामसिंह वैद्य, उमाशंकर सांगवान, प्रभातीलाल मेहरा, सुखबीर सिंह चौहान, मनीष बंसल ने संबोधित किया। पार्षद शिवकुमार ने कहा कि नववर्ष का कार्यक्रम क्षेत्रवासियों की एकता, भाईचारा, सुख शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं विकास के लिए नववर्ष स्वागत एवं मिलन कार्यक्रम रूप में मनाया। उन्होंने बताया कि जीतूवाला ओवरब्रिज चालू हुआ, तोशाम ओवरब्रिज से सेवानगर 27 फुटा रोड निर्माण हुआ, अनेक कच्ची गलियों को पक्की करवाया, सौंदर्यीकरण के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया, दिनोद रोड निर्माण कार्य तेजी से करवाया जा रहा है, सभी गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगाई तथा काफी कार्यों के लिए टैंडर लगाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में लाइनपार क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। महापंचायत संयोजक रोहतास ने कहा कि नववर्ष में लाइनपार क्षेत्र में नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, वार्ड पार्षदों के प्रयासों से क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा और लाइनपार क्षेत्र नई भिवानी के नाम से जाना जाएगा। वर्मा ने दिनोद रोड पर (जुई नहर बाइपास) भव्य स्वागत द्वार बनवाने की मांग भी उठाई।



भिवानी। ब्रह्मा कॉलोनी में क्षेत्रवासियों को दूध जलेबी वितरित करते रेल अंडरपास महापंचायत के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश पंवार, सीताराम रिटायर्ड एएसआई, भूपेंद्र झींगा, रमेश वर्मा, सुरेन्द्र सिंह फौजी, सतबीर सिंह जोगी, संदीप यादव, मनबीर, मनोज मौजू, सागर राव, सुंदर जांगड़ा, सुरेश जांगड़ा, कामरेड बीआर मेहरा, अनिल कुमार चौपड़ा, ओमप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट ने सेवाभाव से किया नववर्ष का स्वागत

**भिवानी।** नववर्ष पर श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट ने सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकारों के साथ नए साल का आगाज कर अनुकरणीय पहल की। ट्रस्ट ने अपने आराध्य महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम (अपना घर आश्रम) में प्रभुजनों के बीच श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रभुजनों के साथ समय बिताया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर वातावरण सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना से परिपूर्ण रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का जीवंत उदाहरण है। उनके आदर्शों पर चलते हुए हमने नए वर्ष की शुरुआत आडंबर से नहीं, बल्कि सेवाभाव से करने का निर्णय लिया है। प्रभुजनों की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से नर-सेवा को ही नारायण-सेवा मानते हुए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरेश पनवाड़ी, आशीष बंसल, श्रीभगवान, अजीत फौजी, अमित गोयल, आशीष गोयल, संदीप, राजकुमार सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम में अपना घर में प्रभुजनों को भोजन करवाते श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में हवन कर शिक्षा मंत्री के अच्छे स्वास्थ्य तथा समृद्धि की कामना

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के प्रांगण में आज नव वर्ष-2026 के शुभागमन पर एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस अनुष्ठान में बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ ) पवन कुमार एवं उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बोर्ड अध्यक्ष प्रो (डॉ ) पवन कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य की शुरुआत यदि ईश्वरीय वंदना और शुद्धिकरण के साथ हो, तो वह कार्य अवश्य ही सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। आज का यह हवन न केवल वातावरण की शुद्धि के लिए है, बल्कि यह हमारे संकल्पों की शुद्धि का भी प्रतीक है। हम नए वर्ष में नई ऊर्जा और पारदर्शिता के साथ शिक्षा जगत की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि आज संयोगवश माननीय शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार का भी जन्मदिवस है। उन्होंने माननीय शिक्षा मंत्री को नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ जन्मदिवस की भी हार्दिक बधाई दी व उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा समृद्धि की कामना की। उपाध्यक्ष महोदय ने भी उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष बोर्ड का मुख्य फोकस परीक्षाओं के सफल संचालन, परिणाम की शुद्धता और छात्र-हितैषी योजनाओं को लागू करने पर रहेगा। उन्होंने बोर्ड के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के परिवार के लिए उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर बोर्ड विभिन्न शाखाओं के अधिकारीगण/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पूर्ण आहुति देकर बोर्ड की प्रगति के लिए प्रार्थना की। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया गया।

## पंजाबी जागृति मंच ने दूध की छबील लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**भिवानी।** पंजाबी जागृति मंच ने कृष्णा कालोनी स्थित मंच कार्यालय में नववर्ष पर नशामुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान दूध की छबील लगाई और लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मंच के प्रधान दर्शन कुमार मिड्डा ने कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे से हर वर्ष हजारों व्यक्ति अपनी जान गंवाते हैं तथा कई घर नशे के कारण बरबाद हो जाते हैं। नववर्ष पर हम सभी को निर्णय लेना चाहिए कि हम नशा नहीं करेंगे। नशामुक्त अभियान पर मुख्यतिथि एडवोकेट मनोहरलाल सरदाना उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे का त्याग करें अपने व परिवार का भविष्य उज्ज्वल बनाने की तरफ ध्यान दें। उन्होंने कहा कि पंजाबी जागृति मंच इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेता है। समय-समय पर पौधारोपण व गरीब बच्चों की फीस मंच द्वारा प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ मंच ने कृष्णा कालोनी में रिश्तों की फ्री सर्विस भी चलाई जाती है।



छब्बील लगाकर लोगों को दूध पिलाते पंजाबी जागृति मंच के सदस्य। फोटो : हरिभूमि




बवानी खेड़ा। बी के॰ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन॰ एस॰ एस॰) शिविर के शुभारंभ में उपस्थितजन। फोटो : हरिभूमि

## बीके विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके॰ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन॰ एस॰ एस॰) शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एन॰एस॰एस॰ जिला को-ओर्डिनेटर आनंद शर्मा, ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुभाष शर्मा विद्यालय में पधारे। भारतीय संस्कृति की परंपरा अनुसार सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर एन॰ एस॰ एस॰ प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने अपनी सौ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करवाकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए कहा कि इसयोजना का मुख्य उद्देश्य सेवा भाव से जुड़ा है। जो हमे दूसरों की सेवा करने के लिए प्रेरित करता हैं। सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। सभी के प्रति हमें प्रेम करना सिखाता हैं। इस अवसर पर प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य उद्देश्यों से स्वयंसेवकों को परिचित करवाते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन न केवल समाज में परिवर्तन लाता है, अपितु उनके स्वयं के जीवन में भी बदलाव लाता है। वे परोपकार के लिए कार्य करना, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को जीवन का अंग बनाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को सार्थक कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आप स्वयं को जैसा बनाएंगे, वैसा ही बन जाएंगे। इस शिविर के माध्यम से अपने अंदर सेवा की भावना को जागृत कर सब की सहायता करें। आप देश के भावी नेता हो और नेता वह होता है जो सबको साथ लेकर चलता है, क्योंकि एन॰ एस॰ एस॰ का नारा यह है - मैं नहीं अपितु आप अर्थात निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करना।

# बाढ़ राहत कार्यों को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

**जिले में उपलब्ध प्रत्येक पंप सेट आदि उपकरणों की सूची होगी तैयार:डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आगामी मानसून सीजन के दौरान जलभराव की संभावित स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जलभराव से संबंधित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ बचाव से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अभी से सुनिश्चित किया जाए। आपदा प्रबंधन के मद्देनजर सभी संसाधन मौके पर पूरी तरह से तैयार होने चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57वीं बैठक के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना प्रभावी रूप से की जाए। उन्होंने जिला में उपलब्ध सभी पंप सेट सहित उपलब्ध उपकरणों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो पंप सेट खराब या अनुपयोगी अवस्था में हैं, उनकी मरम्मत समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि भारी वर्षा की स्थिति में जलभराव से निपटने में कोई बाधा न आए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पंप सेट की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसून से पहले जिला के सभी नालों, ड्रेन और जल भराव वाले मार्गों की सफाई का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू बनी रहे और जनजीवन प्रभावित न हो।

# विधायक ने कंबल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा पिछले 8 दिनों से अनाजमंडी में खुशियों की दीवार कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि के रूप में विधायक राजबीर फरटिया पहुंचे और कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को कंबल वितरित किए। विधायक फरटिया ने प्रयास संगठन के के समाजसेवा को समर्पित कार्यक्रमों की सराहना की संगठन के सदस्यों को बधाई दी। बता दें कि 8 दिनों से प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा 25 दिसंबर से एक जनवरी तक पिछले 10 वर्षों से लगातार खुशियों की दीवार सजाई जा रही है, जिसके तहत हजारों लोग लाभान्वित होते हैं। गुरुवार को समापन समारोह में विधायक फरटिया बतौर मुख्यतिथि शामिल हुए थे। विधायक फरटिया ने कहा कि जरूरतमंदों के सहयोग के लिए उनकी टीम सदैव तैयार है और हलके में कोई भी व्यक्ति बिना किसी अवरोध के उनसे मिलकर अपना समस्या या बात रख सकता है, उनका हरसंभव सहयोग किया जाएगा। खुशियों की दीवार वास्तव में ही जरूरतमंदों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो रही है।



लोहारू। खुशियों की दीवार कार्यक्रम के समापन समारोह में विधायक राजबीर फरटिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**भिवानी।** वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर के डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। डीडीपीओ श्री कादयान के समक्ष सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नरेन्द्र ग्रेवाल ने गांव फूलपुरा-बामला माइनर की सफाई करवाने की शिकायत रखी। सीपर निवासी विनोद व सोनू ने पंचायत द्वारा दिए गए प्लॉटों की रजिस्ट्री करवाने, सिवाड़ा निवासी सज्जन ने गली से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत रखीं।

## खबर संक्षेप

### पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाएं पशुपालक

**प्रत्येक परिवार दस पशुधन यूनिट का करवा सकते हैं बीमा**

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पशुधन को जोखिम मुक्त करने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामुहिक पशुधन बीमा योजना चलाई जा रही है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह योजना केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय पशुधन मिशन और राज्य सरकार के सांझा सहयोग द्वारा चलाई जा रही है। जिला के सभी पशुपालक योजना का लाभ उठाएं और अपने पशुधन का बीमा जरूर करवाएं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसवंत जून ने बताया कि योजना के अंतर्गत दो प्रकार के पशुओं का वर्गीकृत किया गया है- बड़े पशु तथा छोटे पशु। बड़े पशुओं में गाय, भैंस, झोटा, घोड़ा, ऊंट, गधा, खच्चर आदि और छोटे पशुओं में भेड़, बकरी इत्यादि का बीमा किया जाता है।

### पीएमश्री राजकीय वमावि में एनएसएस शिविर शुरू

■ विद्यार्थियों में सेवाभावना जागृत करना व अनुशासित नागरिक बनाना शिविर का उद्देश्य : प्राचार्य अनूप

**भिवानी।** बजीणा स्थित वीर शहीद शीशपाल पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में वीरवार से सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आगाज हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाजसेवा की भावना जागृत करना और उन्हें अनुशासित नागरिक बनाना है। कैंप का शुभारंभ गांव की सरपंच सुंदरी देवी ने रिबन काटकर किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाशक्ति ही देश के विकास का आधार है और एनएसएस शिविरों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर प्राचार्य अनूप सिंह पुनिया और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमेर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों और आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

### स्वयंसेवकों ने जानी गांव की विरासत व ली प्रेरणा

**भिवानी।** गांव दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में चल रहा सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर वीरवार को तीसरे दिन भी उत्साह और सेवा भावना के साथ जारी रहा। शिविर प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। नए साल के प्रथम दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों ने पारंपरिक एनएसएस गीत गायन से की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शारीरिक दक्षता और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के लिए विभिन्न योगाभ्यास और एक्सरसाइज की। शिविर का मुख्य आकर्षण गांव के वयोवृद्ध भूतपूर्व सैनिक गणपतराम देवड़ा के साथ संवाद रहा। स्वयंसेवकों ने उनके पास जाकर उनके जीवन के संघर्षों व सेना के अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। देवड़ा ने युवाओं को अनुशासन एवं देशभक्ति का पाठ पढ़ाते हुए गांव के गौरवशाली इतिहास व सामाजिक ताने-बाने से परिचित करवाया। इसके उपरांत पर्यावरण एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने गांव के जोहड़ और तालाबों का दौरा किया।

### एग्रीस्टैक को फार्मर आईडी बनवाना जरूरी: डीसी

**चरखी दादरी।** फार्मर आईडी एग्रीस्टैक प्लेटफार्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसानों की पहचान को सुरक्षित करने और उन्हें सरकारी सेवाओं के लाभ तक पहुंच प्रदान करने में मददगार होगा। प्रत्येक किसान की एग्री स्टैक फार्मर आईडी हो, इसके लिए जिला में अधिकारी मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी का उद्देश्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं तक किसानों की पहुंच को आसान बनाते हुए किसान केंद्रित लाभ प्रदान करना है। डीसी ने कहा कि बैंक ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, क्षतिपूर्ति, खाद व बीज के अलावा कृषि अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ आदि एग्री स्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से दिया जाएगा। कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर आईडी बनवाना बेहद जरूरी है। एग्री स्टैक फार्मर आईडी जनरेट करने के लिए किसान को सबसे पहले हरियाणा फार्मर रजिस्ट्रेशन पोर्टल ओपन करना होगा, जिसमें डेस बोर्ड पर किसान को अपना अकाउंट बनाना है। इसके उपरांत ई-केवाईसी सत्यापन की प्रक्रिया होगी। किसान को लॉगिन करके अपनी जमीन संबंधी डिटेल अपलोड करनी है, जिसके बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और ओटीपी वेरीफाई होने उपरांत किसान की आईडी बन जाएगी।

**सड़क सुरक्षा अभियान**

## दुर्घटनाओं में कई पुलिस कर्मियों, वकीलों व पत्रकारों की भी जा चुकी जान: अशोक

# हादसे रोकने का प्रयास: रिफ्लेक्टर विद सेल्फी से सड़क सुरक्षा अभियान 2026 का किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रही नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति की ओर से नववर्ष पर बढ़ती ठंड, घने कोहरे और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान 2026 का शुभारंभ हुआ।

अभियान का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है। अभियान के सूत्रधार एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि सर्दी के मौसम में दृश्यता कम होने के कारण सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसी सोच के तहत अभियान की शुरुआत रिफ्लेक्टर विद सेल्फी जागरूकता पहल से की गई, जिसमें लोगों को रिफ्लेक्टर लगाने, सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट के उपयोग और तेज रफ्तार से बचने के लिए प्रेरित किया गया।

भारद्वाज ने अपने परिवार के साथ अभियान की शुरुआत कर एक सकारात्मक संदेश दिया है, उन्होंने अपनी धर्मपत्नी अंजू शर्मा, छोटी बेटी आरोही व बड़ी बेटी नव्या भारद्वाज के साथ मिलकर रिफ्लेक्टर विद सेल्फी अभियान से कोहरे में सावधान व सतर्क किया है और वाहन चालकों को वाहन पर रिफ्लेक्टर लगवाने का आह्वान किया। लगाएं । उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर परिवार और हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।



भिवानी। रिफ्लेक्टर विद सेल्फी का संदेश देते अशोक भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

**यातायात नियमों का महत्व समझाया**

भारद्वाज ने कहा कि अभियान के अंतर्गत ढाणा नरसान क्षेत्र में खेल के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश देने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन खराब मौसम और घने कोहरे के चलते उसे फिलहाल स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होते ही यह कार्यक्रम पुनः आयोजित किया जाएगा, ताकि युवाओं और बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के जरिए यातायात नियमों व नशे जैसी बुराई का महत्व समझाया जा सके।

**सावधानी ही सुरक्षा**

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां, पंपलेट वितरण, स्कूल-कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम और वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर वितरित करने जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सावधानी ही सुरक्षा है और थोड़ी सी जागरूकता कई जिंदगियां बचा सकती है।

## खबर संक्षेप

### यूनिक फार्मर आईडी से किसानों को होगा लाभ

**तोशाम।** वीरवार को उपमंडल कार्यालय परिसर भवन में स्थित सभागार में एग्री स्टैक पोर्टल के उपयोग को लेकर पटवारियों एवं ग्राम सचिवों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम प्रदीप अहलावत ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने स्पष्ट कहा कि उपमंडल में एग्री स्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी प्रकार का अपडेशन कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कृषि अधिकारियों, ग्राम सचिवों एवं पटवारियों को निर्देश दिए कि फार्मर आईडी निर्माण एवं डाटा अपडेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं शुद्धता के साथ पूरा किया जाए। एसडीएम ने कहा कि एग्री स्टैक के सफल क्रियान्वयन से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगमता से मिल सकेगा।

### भारत का आध्यात्मिक ज्ञान नई दिशा दिखाएगा

**भिवानी।** भारत का आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग की शिक्षा सारे विश्व को नई दिशा दिखाएगी। विश्व में एकता, आपसी सद्भाव, एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के संकल्पना को साकार करेगी, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में नववर्ष के उपलक्ष्य पर आयोजित नव संकल्प से नया भारत कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। आज हमारे आपसी संबंध टूटने का मूल कारण हमारे अपने कड़े व अनावश्यक संस्कार हैं।

## एचकेआरएन कर्मचारियों पर गहराया आर्थिक संकट

# 3 महीने से वेतन न मिलने पर कर्मचारियों का हल्ला बोल

**वेतन न मिलने से परेशान एचकेआरएन कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस, काले बिल्ले लगाकर किया कार्य | कर्मचारियों के नाम अपडेट न होने के कारण रुका एचकेआरएन कर्मचारियों का वेतन : प्रधान दीपक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। वेतन की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ 9 हजार कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट

नए साल के जश्न के बीच हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के हजारों कर्मचारियों के घरों में दुख जैसा माहौल है। पिछले तीन महीनों से वेतन ना मिलने के कारण प्रदेश भर के करीब 9 हजार कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इसी के विरोध में वीरवार को स्थानीय चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रोष प्रदर्शन किया। वेतन रुकने का मुख्य कारण ऑनलाइन पोर्टल पर कर्मचारियों के नाम का अपडेट न होना बताया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन की इस लापरवाही की सजा जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतनी पड़ रही है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान दीपक तंवर ने कहा कि पिछले तीन माह से एचकेआरएन कर्मचारियों को एक रुपया भी नहीं मिला है। जिसके चलते प्रदेश के करीबन 9 हजार कर्मचारी प्रभावित है तथा उन परिवारों पर आर्थिक संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर नाम दर्ज ना होने की वजह से उनकी सैलरी रुकी हुई है। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### सरकार नहीं ले रही सुध

प्रधान दीपक तंवर ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव के समय इन कर्मचारियों ने भाजपा सरकार का समर्थन किया था, लेकिन आज वही सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि आज नए साल पर हमारे पास बच्चों की स्कूल फीस भरने और घर का राशन लाने तक के पैसे नहीं हैं। हम आर्थिक तंगी के उस दौर से गुजर रहे हैं जहां बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी दूभर हो गया है। कर्मचारियों ने याद दिलाया कि जब कोरोना महामारी के दौरान लोग घरों से निकलने में डर रहे थे, तब एचकेआरएन के इन्हीं कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की थी। आज उसी कोरोना वॉरियर सेवा का सिला उन्हें खाली जेब के साथ मिल रहा है।

### 7 तक का अल्टीमेटम

प्रदर्शनकारी एचकेआरएन कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 जनवरी तक उनके खातों में बकाया वेतन नहीं आता है, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। भिवानी से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन पूरे हरियाणा में एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले लेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रवीण, कर्मवीर, भगत सिंह, राजकुमार, मुकेश, संदीप, लक्की, नवीन, अजय, निशा, राखी, सरिता, सोनिया, पूनम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांव मिताथल में छात्राओं को दिलाई शपथ

# नशा रोकथाम, लिव इन रिलेशन और सम गोत्र विवाह की रोकथाम को लेकर चलाया अभियान

■ कैप्टन भीम सिंह व डॉ. राजेश कुमार ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। राजकीय विद्यालय में नशा व अन्य कुरीतियों को दूर करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव पुर के रहने वाले और स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य निरीक्षक एवं पैरा वॉलीबाल नेशनल गोल्ड विजेता डॉ. राजेश कुमार सनसनीवाल किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इनके द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर, सामाजिक कार्यों में भागीदारी, भंडारों आदि का आयोजन करवाकर सभी को समाज की एकजुट माला में पिरोने का कार्य किया जाता है। वहीं इन्होंने पहले गांव पुर फिर गांव मिताथल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर सर्व जातिय खाटू खाप 84 के प्रधान कैप्टन भीम सिंह संग मिलकर नशा मुक्ति अभियान एवं नशा मुक्ति लिव एंड रिलेशन सेम गोत्र एवम पड़ोसी गांव अंदर शादी नहीं करने की बच्चों को शपथ दिलवाई। टीम के सभी सदस्य एवं स्कूल प्राचार्यएवं शिक्षक एवं शिक्षिका शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। डॉ. राजेश कुमार सनसनीवाल ने बताया कि नशा मुक्ति, लीव इन रिलेशन, सेम गोत्र विवाह, आस-पड़ोस में विवाह आदि को लेकर अभियान चलाया हुआ है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया आज नशे ने हमारे चारों और पांव पसार लिए हैं। बच्चे युवावस्था में ही नशे का सेवन कर रहे हैं जिससे उन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

### नवजात का सहारा बनी बाल कल्याण समिति

**भिवानी।** भिवानी में मानवता को सुकून देने वाला सकारात्मक मामला सामने आया है। चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में हाल ही में जन्मे नवजात शिशु को जब उसके अपनों ने अपनाने से इनकार कर दिया, तो बाल कल्याण समिति ने आगे बढ़कर मासूम की जिम्मेदारी उठाई।

बाल कल्याण समिति के सदस्य एडवोकेट धीरज सैनी ने बताया कि बीते दिनों भिवानी के नागरिक अस्पताल में बच्चे का जन्म हुआ था। अज्ञात कारणों के चलते बच्चे के परिजनों ने उसे अपने साथ ले जाने व देखभाल करने से साफ मनाकर दिया।


बवानीखेड़ा। पौधे भेंट करते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## राह ग्रुप 31 स्कूलों को देगा पौधे

# मौसमी फूलों से महकेंगे भिवानी के सरकारी स्कूल

गांवों के श्मशान घाटों व अन्य स्थानों पर फूल व पेड़ लगाने का आह्वान

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

गांवों की श्मशान भूमियों की दिशा व दशा बदलने और सरकारी विद्यालय परिसरों को हरित व आकर्षक बनाने की मुहिम के तहत राह ग्रुप फाउंडेशन की भिवानी इकाई ने जिले के 31 सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में मौसमी फूलों के पौधों का वितरण किया। इस अभियान का शुभारंभ राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी अजय श्योराण, भिवानी अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र पूनियां तथा तोशाम प्रभारी सीताराम की सक्रिय सहभागिता रही। टीम ने अलग-अलग स्कूलों में पहुंचकर पौधे वितरित किए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान राह संस्था के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि राह ग्रुप फाउंडेशन ने वर्ष 2019 में प्रदेश के चार श्मशान घाट व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर फूलों के पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की थी।

### प्रत्येक रस्म पर हो पर्यावरण संरक्षण

बवानी खेड़ा सहित जिले के अलग-अलग स्कूलों के अध्यापकों को फूलों की पौध वितरित करते हुए राह संस्था के भिवानी जिले के प्रभारी अजय श्योराण ने अध्यापकों को जीवन की प्रत्येक रस्म पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म से लेकर जन्मदिन, विवाह, भात तथा अन्य खुशियों के अवसरों पर पौधारोपण और पौधों की देख-रेख को अनिवार्य आदत बनाना चाहिए।

### श्मशान भूमि में हो पौधारोपण

पौध वितरण कार्यक्रम के दौरान राह संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने युवाओं, अध्यापकों और जनप्रतिनिधियों से गांवों के श्मशान घाटों व विरान क्षेत्रों में पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्मशान भूमियों में लगाए गए पीपल, नीम, बरगद, अर्जुन, बेल और अशोक जैसे पौधे छाया देने के साथ वातावरण को शुद्ध करते हैं।

### दुल्हेड़ी मॉडल संस्कृति स्कूल की प्रवक्ता सरोज व सहायिका चंद्रकला सेवानिवृत्त



**भिवानी।** शिक्षा क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने के बाद गांव दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेश कुमार शास्त्री ने किया। समारोह के प्रभारी अर्थशास्त्र प्रवक्ता कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्रम विद्यालय की संस्कृत प्रवक्ता सरोज रानी और सुख सहायिका चंद्रकला की सेवानिवृत्ति पर हुआ। प्राचार्य डॉ. सतीश सांगवान और समस्त स्टाफ ने सेवानिवृत्त दोनों कर्मियों का स्मृति चिन्ह, शॉल और बुके भेंट कर सम्मान किया। बता दें कि संस्कृत प्रवक्ता सरोज 28 वर्षो के सेवाकाल तथ सुख सहायिका चंद्रकला 31 वर्षो के सेवाकाल उपरांत सेवानिवृत्त हुई। प्राचार्य ने कहा कि संस्कृत प्रवक्ता सरोज को उनकी सादगी और संस्कृत भाषा के प्रति उनके समर्पण के लिए जाना जाता है। वहीं सुख सहायिका चंद्रकला ने विद्यालय में अपनी नि:स्वार्थ सेवाओं के माध्यम से सबका दिल जीता।

## नववर्ष महोत्सव धूमधाम से मनाया, युवाओं को किया जागरूक

# आरसीआईटी इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों को दिया नशा नहीं करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


तोशाम। नए साल के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

गुरुवार को तोशाम के आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तथा प्रूडेंस लाइब्रेरी में संयुक्त रूप से नववर्ष महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वहीं इंस्टिट्यूट संचालक डॉ. विष्णु दत्त शास्त्री ने इंस्टिट्यूट के युवाओं को नव वर्ष पर बुरी आदतों को छोड़कर अच्छाई ग्रहण करने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने इंस्टिट्यूट के अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर इंस्टिट्यूट संचालक डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक त्यौहार हमें कोई न कोई संदेश देता है नववर्ष भी हमारे जीवन में हर बार नई खुशियां, नया उजाला तथा नया सवेरा लेकर आता है, बशर्ते हमें नव वर्ष के संदेश को अपने जीवन में ढालना चाहिए। उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहां की नव वर्ष पर सभी युवा पुरानी बुरी आदतों को छोड़कर नई अच्छाई ग्रहण करें।

### नववर्ष पर लें संकल्प

शास्त्री का कहना था कि आज का युवा नशे की लत में पड़कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहा है ऐसे युवाओं को नववर्ष पर प्रण लेना चाहिए कि वह न तो स्वयं नशा करेगा और अन्य युवाओं को भी नशे से दूर करने का प्रयत्न करेगा। इस मौके पर आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तोशाम के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न युवाओं ने नृत्य सहित खेल आदि प्रस्तुत किए जिससे उपस्थित युवाओं ने नववर्ष पर नशा मुक्ति के संदेश के साथ भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर दीपक माहेश्वरी, अनु स्वामी, पूजा, मनीता, तनिष्क शर्मा, गरिमा, रोहित, तनुज शर्मा, संगम, मानवी शर्मा, अंशुल, रवीना, अनु, सुमित, भागीरथ गोस्वामी, सचिन, किरण भार्गव आदि सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

# उपमंडल स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : एसडीएम

■ समारोह में झांकियों से मिलेगी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


तोशाम। अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम प्रदीप अहलावत।

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की तैयारियों को लेकर अधिकारी अपनी ड्यूटी का पालन पूर्ण निष्ठा के साथ करना सुनिश्चित करें। एसडीएम वीरवार को उपमंडल परिसर कार्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को समारोह की फाइनल रिहर्सल होगी।

एसडीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। समारोह में परेड, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। परेड में पुलिस के अलावा एनसीसी व छात्राओं की टुकड़ियां भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में फाइनल रिहर्सल की जाएगी।

# मानव अधिकार संगठन ने पत्र लिखकर उच्चायुक्त से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**शिक्षा के लिए कनाडा जाने वाले छात्र ना हो भेदभाव का शिकार, कनाड़ा सरकार करे सुनिश्चित**

कनाडा के टोरंटो में दो भारतीय छात्रों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ दी है।

इस मामले में संज्ञान लेते हुए अखिल भारतीय मानव अधिकार संगठन (एबीएचआरओ) ने भारत में स्थित कनाडा के उच्चायुक्त को एक औपचारिक पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है और भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने की मांग की है। गौरतलब होगा कि हाल ही में टोरंटो में दो अलग-अलग घटनाओं में शिवांक अवस्थी और हिमांशी खुराना की मौत की खबर सामने आई है। जिसमें 20 वर्षीय शिवांक, जो टोरंटो विश्वविद्यालय (स्कारबोरो कैंपस) के पास एक लाइफ साइंसेज छात्र थे, की 23 दिसंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी तो वही 30 वर्षीय हिमांशी खुराना का शव उनके आवास पर मिला था, जिसे पुलिस ने घरेलू हिंसा और हत्या का मामला बताया है। इन घटनाओं के बाद से कनाडा में रह रहे हजारों भारतीय छात्रों और उनके परिवारों के बीच डर का माहौल है।

## मिनी क्यूबा की बदहाली पर भड़के पूर्व जिला पार्षद

# भिवानी में सड़कों पर कचरे का लगा अंबार, बच्चों और खिलाड़ियों का निकलना हुआ दूभर : ईश्वर मान

■ समाधान शिविर में उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी शहर की सफाई व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को लेकर पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समाधान शिविर में उपायुक्त को सौंपे गए एक मांग पत्र में मान ने शहर की प्रमुख सडक़ों की दुर्दशा और वहां लगे गंदगी के ढेरों पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। पूर्व पार्षद ने विशेष रूप से डा. भीमराव अंबेडकर चौक से रामबाग रोड, श्री राम पाठशाला, हांसी रोड और भीम स्टेडियम तक के मार्ग का जिक्र किया है। उन्होंने मांग की है कि इन रास्तों पर तत्काल फुटपाथ का निर्माण कराया जाए और पिछले कई महीनों से जमा कचरे की सफाई की जाए।

### कई जगह कूड़े के ढेर

ईश्वर सिंह मान ने कहा कि एक तरफ हम भिवानी को खेलों का गढ़ कहते हैं, दूसरी ओर भीम स्टेडियम के मेन गेट से लेकर आखिरी कोने तक पिछले एक साल से 20-30 फुट सडक़ के अंदर ढेर लगे हैं। यहां पूरे प्रदेश से खिलाड़ी अपना भविष्य बनाने आते हैं, लेकिन उन्हें इस गंदगी और बदबू के बीच से गुजरना पड़ता है। श्री राम पाठशाला में गरीब परिवारों के छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। यहां पर बेसहारा सांड घूमते रहते है, जिनसे हमेशा छोटे बच्चों को खतरा बना रहता है। रामबाग श्मशान घाट होने के कारण शहर के एक बड़े हिस्से के लोग अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं।

### कंप्यूटर में दक्ष बच्चे समाज को देंगे नई दिशा : देवराज महता

**कंप्यूटर सेंटर में प्रशिक्षणार्थियों के 31वें बैच का प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित**

**भिवानी।** नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था शिव शक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित कंप्यूटर सैंटर में प्रशिक्षणार्थियों के 31वें बैच का प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी देवराज महता अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अजय मल्होत्रा। आचार्य गिरीश गौस्वामी विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर बोलते देवराज महता ने कहा कि संस्था द्वारा इस सैंटर का संचालन गरीब व जरूरतमंद बच्चियों व बच्चों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले नो वर्षो के दौरान कंप्यूटर सैंटर से अब तक सैंकडों बच्चें प्रशिक्षण प्राप्त करके अलग-अलग जगह कार्यरत्त हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में क्षेत्र के बच्चों के लिए एक लाईब्रेरी भी शुरू की जाएगी जिसमें छात्र-छात्राएं अध्ययन कर सकेंगे। कंप्यूटर में दक्ष होकर बच्चें समाज को देंगे नई दिशा। कार्यक्रम में अजय मल्होत्रा ने कहा कि कंप्यूटर हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है और ऐसे में सभी छात्रों को प्रशिक्षित होना जरूरी है। शिव शक्ति चैरीटेबल जैसी सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंद बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान कर पुनीत कार्य कर रही है।

## दूध-दही हरियाणा की पहचान, युवाओं को नशे के गर्त से बाहर निकालने की जरूरत : प्रताप

बीटीएम चौक पर नववर्ष पर अनूठी और प्रेरक पहल

# नशे के विरुद्ध बाबा श्रीश्याम का लगाया महाप्रसाद, नशामुक्ति की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। बीटीएम चौक पर लगाए भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रीश्याम मिलन मंडल के सदस्य।

बीटीएम चौक पर नववर्ष पर अनूठी और प्रेरक पहल देखने को मिली। श्रीश्याम मिलन मंडल ने बीटीएम चौक स्थित तोरनद्वार पर बाबा श्रीश्याम के भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए जागरूक करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीश्याम मंदिर के संस्थापक व प्रधान घनश्याम शर्मा ने की। इस अवसर पर भारी संख्या में युवाओं ने बाबा श्रीश्याम का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। मंडल के सदस्यों ने आने वाले प्रत्येक युवा को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। पार्षद मनीष गुरेजा ने हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति का स्मरण करवाते हुए कहा कि हरियाणा की पहचान दूध-दही के खाने से रही है। उन्होंने घोषणा की कि मंडल द्वारा जल्द ही विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

### युवाओं को बचाएंगे

उन्हेंने कहा कि अभियान के तहत गांव-गांव और वार्ड स्तर पर युवाओं को खेल और सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों का असली उद्देश्य तभी सार्थक है, जब वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। अधिवक्ता ज्योति ने युवा पीढ़ी की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवा तेजी से नशे की गर्त में समा रहा है, इसे समय रहते नहीं रोका तो देश का स्वर्णिम भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। युवा शक्ति राष्ट्र की नींव होती है, और इस नींव को खोखला होने से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर संगीता गुप्ता, संजना, अनिता, तरुण गोयल, नमन, शिव, केशव गर्ग व शिवम गोयल आदि मौजूद रहे।

### काकड़ोली हुकमी के मुक्तिधाम में रोपित की त्रिवेणी, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**चरखी दादरी।** पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए वीरवार को गांव काकड़ोली हुकमी में अनूठी मिसाल पेश की। त्रिवेणी बाबा की प्रेरणा और पर्यावरण प्रेमी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में नमन गहलोत ने अपना 11वां जन्मदिन त्रिवेणी व पौधरोपण करके मनाया। गांव के मुक्ति धाम में विधि-विधान के साथ दो त्रिवेणी रोपित की। आमतौर पर जन्मदिन केक काटकर या शोर-शराबे के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन नमन के परिजनों ने इसे प्रकृति की सेवा का माध्यम बनाया। हवलदार लोकराम नेहरा ने बताया कि बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना भविष्य के लिए सबसे बड़ा निवेश है। पर्यावरण प्रेमी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि पौधे केवल लकड़ी या छाया का स्रोत नहीं हैं, ये हमारे जीवन का आधार हैं। नमन के 11वें जन्मदिन पर त्रिवेणी लगाकर हमने ये संकल्प लिया है कि हम न केवल पौधें लगाएंगे, बल्कि उनके विशाल वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल भी करेंगे।